# जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

**Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh**

**Government of India Ministry of Home Affairs**

(विविध प्रशासन अनुभाग)


निविदा संख्याः वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए– 759 दिनांकः 29/5/2012

## –::विज्ञप्ति::–

इस निदेशालय के नये कार्यालय भवन, सेक्टर जी, अलीगंज, लखनऊ चारों तलो के भवन, बाथरूम, फर्नीचर, पंखों, कूलरों एवं खुले एरिया की सफाई कार्य (सामग्री सहित) कराये जाने हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 14.06.2012 को सायं 3.00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय–उ0प्र0, लेखराज मार्केट–।।।, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, लेखराज मार्केट–।।।, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ से रू0 100/– मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 14.06.2012 तक किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगी। निविदा फार्म वेबसाइट संख्याः **www.censusindia.gov.in (Tender)** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**निदेशक**

दूरभाष संख्याः 0522-2355211

Fax No. 0522-2311442

# जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश
## भारत सरकार, गृह मंत्रालय
# Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh
## Government of India Ministry of Home Affairs
(विविध प्रशासन अनुभाग)


पत्रांकः वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए– 759 दिनांकः 29/5/2012

**निदेशालय के नये कार्यालय भवन, सेक्टर जी अलीगंज, लखनऊ की सफाई कार्य (सामग्री सहित) हेतु दरों से संबंधित नियम एवं शर्तें**

इस निदेशालय के नव निर्मित कार्यालय भवन के चारों तल, बाथरूम, फर्नीचर, पंखों, कूलरों एवं एसी की सफाई का कार्य (सामग्री सहित) किया जाना है। सभी चारों तलो का विवरण निम्नवत् हैः–

| | तल | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. | भूतल | 950.93 व0मी0 (03 बाथरूम) |
| 2. | प्रथम तल | 1223.67 व0मी0 (03 बाथरूम) |
| 3. | द्वितीय तल | 1223.67 व0मी0 (02 बाथरूम) |
| 4. | तृतीय तल | 903.97 व0मी0 (02 बाथरूम) |

उक्त के अतिरिक्त विद्युत उपगृह 320.70 व0मी0, पंप हाउस 20.90 व0मी0 एवं लगभग 1424.06 व0मी0 खुला एरिया भी है जिसमें पार्किंग तथा साइकिल स्टैन्ड भी शामिल है।

1. सफाई कार्य (सामग्री सहित) की दरे शब्दों तथा अंको में स्पष्ट देनी होगी।
2. प्रथम तल पर डीडीई अनुभाग में दो पालियों में कार्य होने पर प्रातः 6.00 बजे से सायं 2.30 बजे एवं सायं 2. 30 बजे से रात्रि 11.00 बजे प्रत्येक पाली में सफाई कार्य किया जाना है तथा एयर कंडीशनर कमरों एवं कम्प्यूटरों की सफाई वैक्यूम क्लीनर्स से प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा आवश्यकतानुसार करनी होगी ताकि वहां पर धूलकण आदि साफ हो सके।
3. क0सं0 1 में अंकित क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मियों/पर्यवेक्षको की संख्या निविदा दाता को स्वयं निर्धारित करनी होगी।
4. कार्यालय में पूर्णरूप से सफाई न करने या किसी अंश की सफाई छूट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर अथवा पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री का इस्तेमाल न करने पर भुगतान काटा/रोका जा सकता है।
5. महीने के अंत में भवन की सफाई करने के उपरान्त भवन प्रभारी से सफाई कार्य सुचारू रूप से पूरे माह किया गया है जो संतोषजनक है, का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।
6. कार्यालय भवन की सफाई कार्य कार्यालय समय से पूर्व ही प्रत्येक दशा में करनी होगी तथा सफाई कर्मियों को सायं 6.00 बजे तक कार्यालय में रहना होगा।
7. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीय बैंक से जारी रू0 20,000.00 का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर अर्नेस्ट मनी के रूप में जो आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। अनुबंध अवधि में कार्य छोड़ने पर निविदा दाता द्वारा जमा की गई अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी।
8. निविदा के साथ अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए अन्य विभाग की सूची जहां सफाई कार्य किया हो, स्थायी लेखा संख्या (पैन संख्या) तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। कोटेशन एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
9. मोहर बन्द निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 14.06.2012 को सायं 3.00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदा उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाता के समक्ष कार्यालय द्वारा गठित क्रय समिति द्वारा खोले जायेंगे।
10. निविदा दाता किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक के मध्य उपर्युक्त भवन, जिनकी सफाई कार्य के लिए एक वर्ष हेतु सफाई कार्य (सामग्री सहित) अनुबंध किया जाना है, का निरीक्षण कर सकते है।
11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने/स्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

(आर0एस0मीना)
उप निदेशक (प्रश0)


भारत की जनगणना
CENSUS OF INDIA
2011

लेखराज मार्केट–III, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226 016
Lekhraj Market-III, Indira Nagar Lucknow-226 016
Phone : 0522-2355211, 2343673, 2341102 Fax : 0522- 2311442 E-mail:dco-utp.rgi@censusindia.gov.in


F:\Umesh\Office\Vividh Prashashan

# निविदा का प्रारूप

टेन्डर संख्या: वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 759          दिनांक 29.5.2012

मैं दी गई नियम एवं शर्तों से मैं सहमत होते हुए कार्यालय भवन सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ के चारों तलों के भवन , बाथरूम, फर्नीचर, पखों, कूलरों , एसी , पार्किंग, साइकिल स्टैन्ड, विद्युत उपगृह, पम्प हाउस एवं खुले एरिया की सामग्री सहित सफाई कार्य रू0                    (रूपया                    ) प्रति माह की दर से करने की सहमति देता हूँ।

हस्ताक्षर

नाम

फर्म का नाम व पता